तापमान
अधिकतम 33 डिग्री
न्यूनतम 19 डिग्री

हरिभूमि
# धमतरी भूमि

रायपुर, रविवार 22 फरवरी 2026

13 नगरी में फोरलेन सड़क निर्माण की मांग को मिली गति



14 मालवाहकों के लिए बनेगा ग्रीन कॉरिडोर











## खबर संक्षेप

### तरसींवा में आज नेत्र जांच शिविर

**धमतरी।** महावीर इंटरनेशनल शाखा धमतरी द्वारा प्रथम नेत्र जांच एवं निःशुल्क चश्मा वितरण शिविर आज सुबह 10 बजे ग्राम तरसींवा में स्व. अनूपचंद लूनावत की स्मृति में यादव भवन में रखा गया है। शिविर का उद्घाटन सरपंच झामित डॉ उमेश सिन्हा करेंगी। इस अवसर पर पूर्व जनपद उपाध्यक्ष राजू चंद्राकर भी उपस्थित रहेंगे। यह कार्यक्रम महावीर इंटरनेशनल के प्रदेश अध्यक्ष ज्ञानचंद लुनावत, सुनील लुनावत, रमेश लुनावत के यहयोग से हो रहा है।

### रायपुर में आज विधवा विधुर और तलाकशुदा परिचय सम्मेलन

**धमतरी।** रायपुर ब्राइट फाउंडेशन दवारा आज पुरानी बस्ती स्थित महामाया मंदिर में सभी जाति समाज की विधवा, विधुर, तलाकशुदा व दिव्यांगजन महिला पुरुष के पुनर्विवाह का परिचय सम्मेलन आयोजित किया जा रहा है। घनश्याम सिंह साहू ने कार्यक्रम में उपस्थिति की अपील की है।

### पेंशनरों की हुई बैठक

**नगरी।** तहसील शाखा नगरी के भवन में जोनस्तरीय बैठक आयोजित की गई। अध्यक्ष आरएल देव और जोन प्रभारी श्री गजपाल ने पेंशनरों को संबोधित किया। जेके साहू ने आय-व्यय की जानकारी दी। आगामी 8 मार्च को अन्तरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाए जाने के संबंध में चर्चा की गई। आरएल देव एंव संरक्षक एएल बनपेला के मार्गदर्शन में होली मिलन मनाने रुपरेखा तय की गई। कार्यक्रम का संचालन मीडिया प्रभारी शकुन कश्यप ने किया।

### सहकारी कर्मचारियों की प्रांतीय बैठक 22 को

**धमतरी।** छत्तीसगढ़ सहकारी समिति कर्मचारी महासंघ रायपुर एवं छत्तीसगढ़ धान खरीदी ऑपरेटर महासंघ की संयुक्त कार्यकारिणी की बैठक 22 फरवरी को दोपहर 12 बजे रायपुर के तुता बस्ती में आयोजित की जाएगी। बैठक में लंबित चार सूत्रीय मांगों पर चर्चा की जाएगी। साथ ही आंदोलन के दौरान प्रदेश में बर्खास्त किए गए कर्मचारियों की बहाली एवं वेतन संबंधी मांगों को लेकर नई रणनीति तैयार की जाएगी। पदाधिकारियों का कहना है कि मांगों को लेकर पिछले तीन माह से लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। इस दौरान प्रतिनिधिमंडल ने छत्तीसगढ़ शासन के मंत्री, सचिव और संबंधित अधिकारियों से मौखिक एवं लिखित रूप से कई बार मुलाकात की, लेकिन अब तक कोई ठोस परिणाम नहीं निकला है। बैठक में धमतरी जिले के प्रदेश पदाधिकारी भी उपस्थित रहेंगे। यह जानकारी जिला कार्यवाहक अध्यक्ष एवं प्रदेश अध्यक्ष नरेंद्र कुमार साहू ने दी।

उठाव में सुस्ती से सोसाइटी प्रबंधकों को सूखत का नुकसान

# खुले आसमान के नीचे 18 लाख क्विंटल धान

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

जिले के उपार्जन केंद्रों में धान उठाव की प्रक्रिया सुस्त है। शुक्रवार की स्थिति में जिले के 100 उपार्जन केंद्रों में 18 लाख क्विंटल धान खुले आसमान के नीचे पड़ा है। धान में सूखत को लेकर सोसाइटियों को भी भारी नुकसान का सामना करना पड़ रहा है। इधर फरवरी माह के अंत में चक्रवाती तूफान की खबर है।

जिले की 11 सोसाइटियों के अंतर्गत 100 उपार्जन केंद्रों में 5964994 क्विंटल धान की खरीदी की गई है जिसमें से मिलरों और संग्रहण केंद्रों के लिए 4158683 क्विंटल धान का उठाव किया गया है। 1806310.87 क्विंटल धान उपार्जन केंद्रों में शेष है। यानी अब तक कुल खरीदी का 30 प्रतिशत धान उपार्जन केंद्रों में खुले आसमान के नीचे पड़ा है। सबसे अधिक धान कुरूद सोसाइटी अंतर्गत उपार्जन केंद्रों में पड़ा है।

### उठाव के लिए मिलरों को डीओ जारी

धान के उठाव के लिए मिलरों को 2984263.78 क्विंटल, वहीं संग्रहण केंद्रों के लिए 117441935 क्विंटल धान के लिए डीओ जारी किया गया है। कुल उठाव की मात्रा 4158683.13 क्विंटल तथा 1806310.87 क्विंटल धान उठाव के लिए शेष है।

### सोसाइटियों में शेष धान की मात्रा

धमतरी शाखा अंतर्गत 19295 पंजीकृत किसानों में से 18394 किसानों ने 786373.60 क्विंटल धान बेचा है। इस शाखा के उपार्जन केंद्रों में 103576.62 क्विंटल धान शेष है। संबलपुर शाखा अंतर्गत उपार्जन केंद्रों में 11121 पंजीकृत किसानों में से 10833 किसानों ने 501059.20 क्विंटल धान का विक्रय किया है। संबलपुर शाखा के उपार्जन केंद्रों में 85412.28 क्विंटल धान, नगरी शाखा के 21838 पंजीकृत किसानों में से 19982 किसानों ने 1056194.40 क्विंटल धान बेचा जहां 2462296.73 क्विंटल धान का उठाव शेष है। मगरलोड शाखा के तहत 15762 पंजीकृत किसानों में से 15021 किसानों ने 730430.80 क्विंटल धान को बेचा जिसमें से 178911.84 क्विंटल धान का उठाव बाकी है। करेली शाखा में 8791 पंजीकृत किसानों में से 8588 किसानों ने 302370.80 क्विंटल धान बेचा है जिसमें से 170731.24 क्विंटल धान शेष है। कुरूद शाखा अंतर्गत सबसे अधिक 256841.66 क्विंटल धान का उठाव नहीं हुआ है। यहां 13755 पंजीकृत किसानों में से 13379 किसानों ने धान बेचा था। नारी शाखा के उपार्जन केंद्रों में 4547 पंजीकृत किसानों में 4464 किसानों ने 198032.80 क्विंटल धान बेचा है। यहां के उपार्जन केंद्रों में 99068.35 क्विंटल धान उठाव के लिए शेष है। मरौद शाखा के उपार्जन केंद्रों में 7186 पंजीकृत किसानों में से 7020 किसानों ने 347829.20 क्विंटल धान बेचा है। यहां के उपार्जन केंद्रों में 170111 क्विंटल धान उठाव के लिए पड़ा है। दरबा शाखा के केंद्रों में पंजीकृत 7140 किसानों में से 7002 किसानों ने 316329.20 क्विंटल धान का उपार्जन किया जिसमें से 199050.35 क्विंटल धान का उठाव शेष है। भखारा शाखा के उपार्जन केंद्रों में पंजीकृत 10226 किसानों में से 10006 किसानों ने 47376.80 क्विंटल धान का उपार्जन किया जिसमें से 141225.51 क्विंटल धान उठाव शेष है। कोर्रा शाखा के 9931 किसानों में से 9774 किसानों ने 463201.20 क्विंटल धान का विक्रय किया। यहां 155085.07 क्विंटल धान उठाव शेष है। सभी 11 सोसाइटियों में 129593 पंजीकृत किसानों में से 124463 किसानों ने 5964994 क्विंटल धान का विक्रय किया है जिसमें से 1806310.87 क्विंटल धान उपार्जन केंद्रों में उठाव के लिए शेष है।



### आखिरी सप्ताह में तूफान की संभावना

भारत मौसम विज्ञान विभाग के ताजा अपडेट के अनुसार 25 से 28 फरवरी के बीच मौसम करवट लेगा। पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से देश के 21 राज्य प्रभावित हो सकते हैं। तूफान से सोसाइटियों के उपार्जन केंद्रों में पड़े धान को भारी नुकसान हो सकता है।

## मानवता शर्मसार : 85 वर्षीय वृद्धा से दुष्कर्म, हालत नाजुक, अस्पताल में भर्ती

हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद

- ग्रामीणों में आक्रोश, आरोपी की तलाश में जुटी पुलिस

पुलिस थाना कुरुद अंतर्गत ग्राम चर्रा से एक ऐसी खबर निकलकर सामने आई है, जिसने रिश्तों और मानवता की मर्यादा को तार-तार कर दिया है। जहां उम्र के आखिरी पड़ाव पर अपनों के साथ और सुकून की दरकार होती है, वहां एक 85 वर्षीय बेबस वृद्धा के साथ 25 साल के एक युवक ने पाश्विकता की सारी हदें पार कर दीं।

मिली जानकारी के अनुसार घटना के वक्त पीड़िता अपने घर में छोटे नाती-पोतों के साथ अकेली थी। उनके बेटे-बहू जीविकोपार्जन के लिए बाहर गए थे। इसी अकिंचन स्थिति का लाभ उठाकर आरोपी ने घर में प्रवेश किया और वृद्धा के साथ घिनौना कृत्य किया। जब परिजन वापस लौटे, तो घर के भीतर का मंजर देख उनके पैरों तले जमीन खिसक गई। आनन-फानन में पीड़िता को जिला चिकित्सालय ले जाया गया, जहां उनकी स्थिति अत्यंत नाजुक बनी हुई है।

### हैवानियत के बीच संघर्ष

एक तरफ 85 साल की बेबस वृद्धा और दूसरी तरफ हैवानियत से भरे 25 साल के युवक की उम्र का यह फासला ही आरोपी की विकृत मानसिकता को दर्शाने के लिए काफी है। वह बुजुर्ग महिला, जो शायद चलने-फिरने में भी असमर्थ थीं, आज अस्पताल के बिस्तर पर अपनी जिंदगी के लिए संघर्ष कर रही हैं। इस घटना के बाद से ग्राम चर्रा सहित पूरे जिले में भारी आक्रोश है। लोग सवाल उठा रहे हैं कि क्या अब हमारी बुजुर्ग माताएं अपने घर की चारदीवारी के भीतर भी सुरक्षित नहीं हैं?

### आरोपी की पुलिस ने कर ली है पहचान

कुरुद पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए तत्काल प्राथमिकी दर्ज कर ली है। पुलिस की अलग-अलग टीमें आरोपी की तलाश में संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही हैं। अधिकारियों के मुताबिक आरोपी की पहचान कर ली गई है और उसे जल्द ही सलाखों के पीछे भेजकर कड़ी से कड़ी सजा दिलाई जाएगी।

## सहायक शिक्षकों के रिक्त पद पर नियुक्ति प्रक्रिया शुरु करने की मांग

- सर्व आदिवासी समाज ने मुख्यमंत्री के नाम लिखा आवेदन

**धमतरी।** सर्व आदिवासी समाज ने सहायक शिक्षकों के रिक्त पद पर नियुक्ति प्रक्रिया प्रारंभ कराने की मांग मुख्यमंत्री से की है। सर्व आदिवासी समाज के अध्यक्ष जीवराखन मरई, एआर ठाकुर, प्रेमलता ठाकुर ने मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को आवेदन कर कहा है कि प्रदेश के डीएड प्रशिक्षित अभ्यर्थियों की संवेदनशील समस्या है। दो वर्षों से आवश्यक योग्यता रखने के बावजूद अनुसूचित जनजाति के डीएड प्रशिक्षित अभ्यर्थी नियुक्ति के लिए निरंतर संघर्ष कर रहे हैं।

शिक्षक भर्ती 2023 अंतर्गत सहायक शिक्षकों के 2300 रिक्त पदों पर नियुक्ति लंबे समय से लंबित है। इसमें 1600 पद अनुसूचित जनजाति वर्ग के लिए हैं। इस विषय में उच्च न्यायालय ने 26 सितंबर 2025 को महत्वपूर्ण आदेश पारित किया है जिसमें सहायक शिक्षकों के रिक्त पदों पर नियुक्ति की संपूर्ण प्रक्रिया दो माह के भीतर कहा गया है। समाज ने न्यायालयीन आदेश के सम्मान तथा प्रदेश के अनुसूचित जनजाति के बेरोजगार युवाओं के हित में रिक्त पदों पर सहायक शिक्षकों की नियुक्ति प्रक्रिया समय सीमा में पूर्ण करने की मांग की है।

## एनआईआईटी भवन के जीर्णोद्धार से शाला भवन की कमी होगी दूर

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

जिले में शिक्षा के मंदिरों का बुरा हाल है। हालत यह है कि नये भवन की आस में सालों बिताने के बाद अब शाला समिति ने पुराने भवन का जीर्णोद्धार कराने कलेक्टर से गुहार लगाई है।

शाला प्रबंधन समिति मगरलोड के अध्यक्ष मंशाराम साहू, पूर्व विद्यार्थी संगठन के पोखन साहू, कमलेश मारकंडे, तुलाराम टंडन ने कलेक्टर को आवेदन कर कहा है कि शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मगरलोड में भवन की कमी है। स्थापना के 60 वर्षों बाद भी हायर सेकेंडरी स्कूल को भवन नहीं मिला है। भवन की कमी से होने वाली समस्या के समाधान के लिए 1500 वर्गफीट में बने एनआईआईटी के पुराने भवन का जीर्णोद्धार किया जा सकता है। भवन की छत को तोड़कर स्लेब ढलाई की जरूरत है। भवन की दीवार मजबूत स्थिति में है। इसके लिए इंजीनियर ने भवन एनोवेशन का प्राक्कलन तैयार किया है। शाला समिति ने डीएमएफ या अन्य मदों से आर्थिक सहयोग की मांग की है।

### मगरलोड में 60 साल बाद भी हायर सेकेंडरी का भवन नहीं



सरपंच सहित ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

## भटगांव में जल आवर्धन केंद्र की मांग

- गोकुलपुर से भटगांव तक सड़क चौड़ीकरण की आवश्यकता

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

ग्राम पंचायत भटगांव में जल आवर्धन योजना तथा मुख्य सड़क चौड़ीकरण करने की मांग की गई है। सरपंच फागूराम साहू के नेतृत्व में कलेक्टोरेट पहुंचे ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपकर कहा है कि गोकुलपुर से भटगांव की दूरी 4 किमी है। यह रास्ता मात्र 3 मीटर चौड़ा है। भटगांव से आगे गंगरेल जलाशय, अंगारमोती मंदिर जाने का मुख्य मार्ग है। इस रास्ते से पर्यटन के लिए आने-जाने वालों की संख्या अधिक होती है। साथ ही सोरम में भंडार गृह निगम का गोदाम, भटगांव में धान खरीदी केन्द्र है। सोरम में हाईस्कूल, भटगांव में पीएचसी, आईटीआई में छात्रों का आना-जाना रहता है। उक्त रोड संकरा होने से कई दुर्घटनाएं हो चुकी हैं। कई लोगों को जान गंवानी पड़ी तथा कई अपाहिज भी हो चुके हैं। उक्त मार्ग का चौड़ीकरण जरूरी है।

ज्ञापन सौंपने के दौरान प्रमुख रूप से उपसरपंच डामेश्वर ध्रुव, पंच दुष्यंत साहू, योगेश्वर देवांगन, रामाधार साहू उपस्थित थे।



### गर्मी में पेयजल संकट

मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को सौंपे आवेदन में सरपंच ने कहा है कि भटगांव में पेयजल एक गंभीर संकट है। भू-जल स्तर के नीचे चले जाने से भटगांव पंचायत रेड जोन घोषित हो चुकी है। जल जीवन मिशन के तहत कुछ कार्य हुए हैं लेकिन गांव में पेयजल की भारी समस्या बनी हुई है। गर्मी के दिनों में यह समस्या और विकराल हो जाती है। ग्रामीणों को बूंद-बूंद पानी के लिए तरसना पड़ता है। गांव की समस्या और जल स्तर की स्थिति को देखते हुए भटगांव में स्थायी जल आवर्धन केन्द्र की अत्यंत जरूरत है। सरपंच ने प्राथमिकता के साथ वाटर ट्रीटमेंट प्लांट की स्वीकृति की मांग की है।

## दोपहिया वाहनों की टक्कर से चार लोग घायल





हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

- ग्राम अछोटा व गंगरेल मार्ग पर हुआ हादसा

गंगरेल मार्ग व अछोटा में हुई दोपहिया वाहनों की टक्कर से उसमें सवार चार लोग घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया गया है। मिली जानकारी के अनुसार शुक्रवार की शाम पहली सड़क दुघर्टना रूद्री के आगे गंगरेल मार्ग पर हुई। कोष्टापारा निवासी आकाश सोनी उम्र 34 वर्ष अपने दोपहिया वाहन से गंगरेल मार्ग से गुजर रहा था। इसी दौरान विपरीत दिशा से दूसरा वाहन आ रहा था। रूद्री के आगे दोनों बाइक व स्कूटी में आमने-सामने की भिड़ंत हो गई। घटना में आकाश सोनी गंभीर रूप से घायल हो गया, वहीं दूसरे वाहन के चालक को मामूली चोट लगी है। सूचना पर संजीवनी 108 के ईएमटी किरण साहू व पायलट कामता साहू तत्काल एम्बुलेंस के साथ घटनास्थल पहुंचे। वहीं वरदान सेवा संस्था के शिवा प्रधान भी मौके पर पहुंचे थे। वहीं रूद्री पेट्रोलिंग की टीम भी पहुंच गई थी। घायल आकाश को उपचार के लिए जिला अस्पताल भेजा गया। वहीं शुक्रवार की रात्रि दूसरी सड़क दुर्घटना अछोटा के पास हुई जहां दो बाइक में आमने सामने की टक्कर हो गई। घटना में एक बाइक में सवार कीर्तन यादव 42 वर्ष अछोटा निवासी को चोट लगी है। सूचना पर वरदान सेवा संस्था के शिवा प्रधान, हेमंत प्रधान एवं सोनू साहू तत्काल घटनास्थल पहुंचे और घायलों को एम्बुलेंस से उपचार के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया गया। वहीं हाइवे पेट्रोलिंग ने घायल महिला को इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया।

पुलिस की दबिश से बचने के लिए रोज बदल रहे ठिकाने

# भखारा के दुर्गम खेतों में जुआरियों की गुप्त महफिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरूद

पुलिस अनुविभाग कुरुद के भखारा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्रामीण इलाकों के खेतों में पिछले 15 दिनों से जुए का एक बड़ा फड़ संचालित हो रहा है। कोसमर्रा, रामपुर, सेमरा, देवरी, कोलियारी और नवागांव के सुनसान खेतों को जुआरियों ने अपना नया सुरक्षित अड्डा बना लिया है। पुलिस को जानकारी भी मिल रही है लेकिन कार्रवाई के नाम पर उनके हाथ अब भी खाली हैं।

मिली जानकारी के अनुसार इस अवैध खेल की जड़ें इतनी गहरी हैं कि यहां केवल स्थानीय ही नहीं बल्कि आसपास के कई जिलों से जुआरी रोजाना पहुंच रहे हैं। सूत्रों की माने तो हर दिन 49 से 50 लोग दांव लगाने आते हैं। जुआ खिलाने वाले मास्टर माइंड रोजाना 1 लाख से 2 लाख रुपये तक की नाल कमीशन काटकर आम जनता की गाढ़ी कमाई को अपनी जेब में भर रहे हैं। ताज्जुब की बात यह है कि जब ग्रामीण इलाकों के सुनसान खेतों में दर्जनों गाड़ियां और सैकड़ों लोग जुट रहे हैं तब स्थानीय पुलिस प्रशासन को भनक होने के बाद भी क जुआरी सलाखों के पीछे क्यों नहीं हैं।


काल्पनिक फोटो

### 10 प्रतिशत ब्याज पर तत्काल फाइनेंस की सुविधा

हैरान करने वाली बात यह है कि इस फड़ पर हारने वाले जुआरियों के लिए कर्ज का जाल भी तैयार है। धमतरी और भिलाई से आए फाइनेंसर यहां बकायदा सक्रिय हैं जो जुआरियों को 10 प्रतिशत दैनिक ब्याज पर तुरंत नगद राशि उपलब्ध कराते हैं। कर्ज और जुए का यह कॉकटेल कई परिवारों को बर्बादी की कगार पर ले जा रहा है।

### मिनी कैसीनो पर कब होगी कार्रवाई

इतने दिनों से चल रहे इस खेल ने स्थानीय प्रशासन और पुलिस की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। इतने बड़े पैमाने पर चल रहा यह जुआ अब केवल कानून व्यवस्था का मुद्दा नहीं, बल्कि एक सामाजिक अभिशाप बनता जा रहा है। अब देखना होगा कि पुलिस प्रशासन इस मिनी कैसीनो पर नकेल कसता है या फिर सफेदपोश अपराधियों के सामने नतमस्तक रहता है।

### पुलिस की टीमें कर रही गश्त

कुछ सूत्रों के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्र के खेतों में जुआ संचालित होने की अपुष्ट सूचनाएं मिली हैं। पुलिस की टीमें लगातार गश्त कर रही हैं। इस तरह की कोई भी अवैध गतिविधियां पाई जाती हैं तो संचालकों और जुआरियों के खिलाफ छग जुआ प्रतिशेध अधिनियम के तहत कड़ी कार्रवाई की जाएगी। अगर किसी भी जागरूक नागरिक को ऐसी पुष्ट सूचनाएं मिलती हैं तो बिना डरे हमें बताएं। निश्चित कार्रवाई होगी।

\- समीर तिवारी, *टीआई भखारा*

# राजधानी तक हो रही धमतरी ननि की कार्यशैली और विकास कार्यों की चर्चा : सोनी

- रायपुर दक्षिण विस के विधायक निगम कार्यालय पहुंचे, महापौर के कार्यों की सराहना की

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी



पूर्व सांसद एवं रायपुर दक्षिण विधानसभा क्षेत्र के विधायक सुनील सोनी नगर निगम कार्यालय पहुंचे। इस दौरान महापौर रामू रोहरा ने उनका पुष्पगुच्छ भेंटकर स्वागत किया। इस दौरान भाजपा पार्षद, पार्टी पदाधिकारी एवं निगम के जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

विधायक सुनील सोनी ने महापौर रामू रोहरा एवं निगम के जनप्रतिनिधियों से शहर में चल रहे विकास कार्यों, निगम की कार्यप्रणाली तथा संगठनात्मक गतिविधियों पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने निगम क्षेत्र में सड़क, नाली, पेयजल, स्वच्छता, सौंदर्यीकरण तथा नागरिक सुविधाओं के विस्तार के लिए किए जा रहे प्रयासों की जानकारी ली।

श्री सोनी ने महापौर रामू रोहरा के नेतृत्व की सराहना करते हुए कहा कि धमतरी नगर निगम अपने विकास कार्यों और जनहितकारी योजनाओं के कारण प्रदेश स्तर पर अपनी अलग पहचान बना रहा है। राजधानी रायपुर में भी धमतरी नगर निगम की कार्यशैली और विकास कार्यों की चर्चा होती है, जो यहां की टीम के समर्पण और प्रतिबद्धता को दर्शाता है। जनप्रतिनिधियों का मुख्य उद्देश्य नागरिकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना और शहर का समग्र विकास करना है। धमतरी निगम इस दिशा में निरंतर कार्य कर रहा है, जिससे नागरिकों का विश्वास भी मजबूत हुआ है। उन्होंने निगम की टीम से कहा कि विकास कार्यों की गति इसी प्रकार बनाए रखें, जिससे धमतरी शहर प्रदेश के अग्रणी नगरों में शामिल हो सके। महापौर श्री रोहरा ने विधायक सुनील सोनी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनके मार्गदर्शन एवं सहयोग से शहर में विकास कार्यों को और गति मिलेगी। नगर निगम द्वारा सभी वार्डों में समान रूप से विकास कार्य कराए जा रहे हैं। सड़क, नाली निर्माण, पेयजल व्यवस्था, स्वच्छता एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं को प्राथमिकता दी जा रही है।

## खबर संक्षेप

### जात्रा के दौरान बाइक चोरी पर संदेही युवक के खिलाफ मामला किया दर्ज

**कांकेर।** पखांजुर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बारदा में आयोजित पारंपरिक बुढ़ादेव जात्रा कार्यक्रम के दौरान खुले स्थान से खड़ी एक मोटर सायकल चोरी होने का मामला सामने आया है। इस संबंध में पीड़ित ने पुलिस थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराते हुए संदेह के आधार पर एक युवक के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर विवेचना प्रारंभ कर दी है। जानकारी के अनुसार ग्राम बारदा निवासी 32 वर्षीय हेमलाल कश्यप ने थाना पखांजुर में शिकायत दर्ज कराते हुए पुलिस को बताया कि मैं खेती-किसानी का कार्य करता हूँ। मै 3 फरवरी की सुबह करीब 7 बजे अपनी मोटर सायकल क्रमांक सीजी 19 बीएस 6992 से गांव में आयोजित बुढ़ादेव जात्रा कार्यक्रम में शामिल होने गया था। मैने अपनी मोटर सायकल को ग्राम के ही निवासी श्यामसिंह कवाची के घर के पीछे आम के पेड़ के नीचे खड़ा किया था। वाहन को सुरक्षित रखने के लिए हैंडल लॉक कर दिया गया था और चाबी उसके पास ही थी। कार्यक्रम समाप्त होने के बाद दोपहर लगभग 3 बजे मोटर सायकल के पास पहुँचा, वहाँ से मोटर सायकल गायब थी। अज्ञात व्यक्ति द्वारा हैंडल लॉक तोड़कर करीब 40 हजार रुपये कीमत की मोटर सायकल चोरी हो गई। मैने गांव सहित आसपास के क्षेत्रों में अपने स्तर पर काफी खोजबीन की, लेकिन वाहन का कहीं कोई सुराग नहीं मिल सका। शिकायतकर्ता ने अंतागढ़ पलिस को बताया कि मुझे पता चला है कि मेरी मोटर सायकल को अंतागढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम करेंगांव निवासी सूर्यकांत नायक पर चोरी करने का संदेह है।

## निधन

### ईलाबाई निषाद

**मगरलोड।** ग्राम बेलौदी निवासी ईलाबाई निषाद का 18 फरवरी बुधवार को निधन हो गया। वे भागवतराम निषाद की पत्नी, आनंद निषाद की मां थीं। उनके अंतिम संस्कार में सामाजिकजन एवं ग्रामवासी शामिल हुए।

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मण्डल धमतरी, तहसील-धमतरी, जिला-धमतरी**

**सूचना पत्र**

प्रति,
मानक लाल साहू/तुकाराम साहू सा. कोण्डागांव
प्रीतमलाल/परसुराम साहू सा. अरकार
वंदना/अमित नायक सा. अछोटा
मुकेश/अशोक कुमार सुन्दरानी सा. धमतरी
सुभाषचंद/जगबसाया उर्फ जगमोहन मल्होत्रा सा. रायपुर
केतन दोशी सा. धमतरी
अमत निहिचलानी पिता अनिल निहिचलानीकोष्टापारा धमतरी
भूपेन्द्र साहू पिता प्रीतम साहू सा. कोलियारी धमतरी
संजय आहुजा पिता रिजालनीमन आहूजा सा. धमतरी

विषयः- सीमांकन की सूचना बाबत।

सूचित किया जाता है कि आवेदक मानक लाल साहू पिता तुकाराम साहू निवासी कोंडागांव द्वारा ग्राम गोकुलपुर प.ह.नं. 35 तहसील व जिला धमतरी स्थित भूमि ख.नं. 156/40 रकबा 0.02 हे. भूमि का सीमांकन हेतु प्रस्तुत आवेदन पर तहसीलदार धमतरी के आदेश दिनांक 13/12/2024 के परिपालन में सीमांकन हेतु स्थल निरीक्षण/नाप दिनांक 21/03/2026 दिन सोमवार को समय 03:00 बजे से किया जाना है।

अतः आप सीमावर्ती भूमिस्वामी होने के कारण स्थल निरीक्षण/नाप के समय स्थल पर दस्तावेजों के साथ उपस्थित रहें। समय पश्चात आपत्ति स्वीकार्य नहीं की जावेगी।

जारी दिनांक 17/02/2026

राजस्व निरीक्षक
धमतरी

# भगवान शिव का स्वरूप संपूर्ण सृष्टि के कल्याण का प्रतीक : रंजना

- लिमतरा में शिवमहापुराण कथा का श्रवण करने पहुंचीं भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी




ग्राम लिमतरा के खेल मैदान में 18 से 22 फरवरी तक पांच दिवसीय संगीतमय शिव महापुराण कथा का आयोजन किया जा रहा है। कथावाचक पंडित कामताप्रसाद शरण द्वारा शिव महापुराण की दिव्य कथा का संगीतमय एवं भावपूर्ण वर्णन किया जा रहा है, जिससे श्रद्धालु भावविभोर हो रहे हैं। शिव महापुराण की कथा सुनने भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष श्रीमती रंजना डीपेंद्र साहू भी पहुंचीं। उन्होंने भगवान शिव की पूजा-अर्चना कर प्रदेश एवं क्षेत्रवासियों की सुख-समृद्धि और मंगलकामना की। धर्ममंच कथा प्रांगण को सम्बोधित करते हुए श्रीमती साहू ने कहा कि भगवान शिव का स्वरूप संपूर्ण सृष्टि के कल्याण का प्रतीक है। शिवमहापुराण की कथा हमें जीवन में सत्य, परोपकार और कर्तव्यनिष्ठा का मार्ग दिखाती है। समाज की एकता, समरसता और संस्कारों की रक्षा के लिए इस प्रकार का धार्मिक आयोजन आवश्यक है। इस अवसर पर पूर्व जनपद सदस्य श्रीमती जागेश्वरी साहू, भाजपा जिला युवा मोर्चा मीडिया प्रभारी भेषकुमार साहू, हरदेव चंद्राकर, आनंद चंद्राकर, द्वारका साहू, अश्वनी साहू, वीरेंद्र ध्रुवंशी, मूलचंद अग्रवाल, घनश्याम सिंह साहू, गौतम साहू, अमरदास साहू, प्रेमलाल साहू, खुमान साहू, धनंजय, शत्रुघ्न सहित गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

# ललितिमा का सीआईएसएफ में चयन, प्रशिक्षण के लिए रवाना

हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी

नगर की प्रतिभाशाली बेटी ललितिमा सेन का चयन केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) में एसएसजीडी (एसएसजीडी) पद पर हुआ है। उनकी इस उपलब्धि से पूरे नगर एवं क्षेत्र में हर्ष और उत्साह का माहौल है।

शुक्रवार को प्रशिक्षण के लिए रवाना होने से पूर्व परिवारजनों, मोहल्लेवासियों ने गुलाल तिलक कर उन्हें भावभीनी विदाई दी। वह ह्रदयलाल-पूनम सेन की पुत्री हैं। मौके पर राजेश्वरी सेन, सालनी सेन, नर्मीकांत सेन, रजनीश सेन, शेषनारायण सेन सहित अन्य उपस्थित रहे और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। समाज प्रमुखों एवं क्षेत्रवासियों ने कहा कि ललितिमा सेन की यह सफलता युवाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत है और उनके परिश्रम, लगन व समर्पण का परिणाम है।

# समाजसेवी ने फरसियां स्कूल में दिया न्योता भोज

हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी



बच्चों के बीच अपनेपन की भावना का विकास, सभी समुदाय के बच्चों में समानता की भावना विकसित करने को लेकर प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालय फरसियां में समाजसेवी महेंद्र नेताम द्वारा न्योता भोज परोसा गया। इस अवसर पर महेन्द्र नेताम ने कहा कि न्योता भोज के माध्यम से सभी समुदाय के बच्चों में अपनापन व समानता की भावना विकसित करना है। साथ ही बच्चों के भोजन में पोषक तत्वों की वृद्धि भी हो।छत्तीसगढ़ सरकार ने इसी उद्देश्य को लेकर समाज सेवियों, जनप्रतिनिधियों व पालकों से विद्यालयों में न्योता भोज आयोजन करने निर्देश जारी किया है। इस अवसर पर शाला विकास समिति के पदाधिकारी, ग्राम पंचायत के प्रतिनिधियों, वरिष्ठ नागरिकों व प्राथमिक माध्यमिक विद्यालय के शिक्षकों के साथ बैठकर शाला विकास पर विचार-विमर्श हुआ। जर्जर रंगमंच को सरपंच द्वारा बनाने की सहमति दी गई। मौके पर सरपंच केशव टेकाम, वरिष्ठ अधिवक्ता, समिति के अध्यक्ष हीराशंकर यादव, उपाध्यक्ष माहेश्वरी ध्रुव, शिवदयाल साहू, सुदर्शन चनाप, सरोज साहू, खोमेश्वर सोन, अरूण प्रजापति समेत पालकगण, शिक्षकगण के साथ स्कूली बच्चे शामिल रहे।

# ग्रामीणों को दी सामाजिक न्याय की जानकारी

- बेन्द्रानवागांव में विश्व सामाजिक न्याय दिवस पर विधिक जागरूकता शिविर लगा

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी




प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश व अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रामकुमार तिवारी के निर्देशन तथा श्रीमती नेहा उसेन्डी सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के मार्गदर्शन में विश्व सामाजिक न्याय दिवस के अवसर पर ग्राम बेन्द्रानवागांव, में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य समाज में समानता, न्याय, मानवाधिकार एवं अवसरों की समानता को बढ़ावा देना रहा। श्रीमती नेहा उसेन्डी ने महिलाओं एवं पुरुषों को सामाजिक न्याय के महत्व, महिला सशक्तिकरण, बाल अधिकार, शिक्षा के अधिकार तथा सामाजिक भेदभाव उन्मूलन के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने महिलाओं को भारतीय न्याय संहिता 2023 की महिलाओं की सुरक्षा से संबंधित धाराओं जैसे धारा 63 (बलात्कार), धारा 74 (महिला की मर्यादा भंग), धारा 79 (यौन उत्पीड़न), धारा 85 (पति या उसके रिश्तेदारों द्वारा क्रूरता), धारा 77 (महिला की गोपनीयता का उल्लंघन) तथा बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम के प्रावधानों से अवगत कराया।

शिविर में नालसा के अभियान आशा, जागृति, डॉन एवं संवाद की जानकारी भी दी गई। साथ ही बाल विवाह की रोकथाम, साइबर फ्रॉड, फेक प्रोफाइल, निजी डेटा सुरक्षा, ऑनलाइन शिकायत प्रक्रिया, पॉक्सो एक्ट एवं छत्तीसगढ़ टोनही प्रताड़ना निवारण अधिनियम के बारे में भी मार्गदर्शन प्रदान किया गया।

कार्यक्रम में ग्राम के सरपंच, सचिव, पंच एवं थाना रूद्री के अधिकार मित्र युगल किशोर की सक्रिय सहभागिता रही। ग्रामीणों ने शिविर की सराहना करते हुए भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रम आयोजित करने का अनुरोध किया।

# मिस फेयरवेल हरीशा तथा मिस ब्यूटी काजल बनी

- गर्ल्स कालेज में बीकाम अंतिम वर्ष की छात्राओं को दी गई विदाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी



शासकीय नारायणराव मेघावाले कन्या महावद्यालय में वाणिज्य संकाय के बीकाम अंतिम वर्ष की छात्राओं के सम्मान में बी कॉम द्वितीय व चतुर्थ सेमेस्टर की छात्राओं द्वारा विदाई समारोह का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य डॉ. अनिता राजपुरिया व प्राध्यापकों ने किया। प्राचार्य डॉ अनीता राजपुरिया ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि जूनियर्स द्वारा अपने सीनियर्स को विदाई दी जा रही है जिस परंपरा को आपने बनाकर रखा है। उन्होंने छात्राओं को प्रेरित करते हुए कहा कि शिक्षा जीवन में सफलता का आधार है। अन्य प्राध्यापकों ने कहा कि जीवन में सफलता का मार्ग आसान नहीं होता। कठिनाइयां आएंगी, असफलताएं मिलेंगी, लेकिन याद रखिए हार ही जीत की पहली सीढ़ी होती है। समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाएं और एक सशक्त, शिक्षित और आत्मनिर्भर नारी के रूप में देश के विकास में योगदान दें। समारोह में छात्राओं द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक व मनमोहक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए।

विदाई समारोह में सीनियर्स के लिए फ़न गेम, डांस कंपिटिशन, पहेलियां तथा रैंप वाक का आयोजन किया गया। मिस फेयरवेल हरीशा तथा मिस ब्यूटी काजल को चुना गया। कार्यक्रम का संचालन दुर्गा व फाल्गुनी तथा आभार व्यक्त वाणिज्य विभाग के विभागाध्यक्ष हुकेश कुमार ने किया।

# जीजामगांव कालेज में छात्रों को दी राष्ट्रीय शिक्षा नीति की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ जीजामगांव



स्थानीय दाऊ कल्याण सिंह सोनवानी महाविद्यालय जीजामगांव में अध्ययनरत बीए, बीकाम, बीएससी द्वितीय एवं चतुर्थ सेमेस्टर के छात्रों को एनईपी 2020 की जानकारी दी गई। एनईपी प्रभारी पृथ्वीराज साहू ने उच्च शिक्षा विभाग द्वारा जारी पाठ्यक्रम को प्रोजेक्टर के माध्यम से छात्रों के बीच साझा किया। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ चोवाराम यदु ने छात्रों को संबोधित करते हुए बताया कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में समावेशी शिक्षा पर जोर दिया गया है। यह छात्रों के सर्वांगीण विकास हेतु बहुविषयक पाठ्यक्रम को बढ़ावा देता है। इसमें एक संकाय के छात्र अन्य संकाय के विषय चुनकर अध्ययन कर सकते हैं। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राध्यापक अनिल, ऋतुराज, पुष्पा दर्रो, रहिपाल डिगरे, लीना बैस, तारीणी साहू, तेजराम साहू, टाकेश्वर साहू सहित बड़ी संख्या में छात्र उपस्थित थे।

प्रभारी मंत्री ने कोसरिया मरार पटेल समाज बगौदराज के मुख्यालय भवन का किया उद्घाटन

# शिक्षा से ही समाज का विकास संभव है : टंकराम वर्मा

हरिभूमि न्यूज ⏭ डांडेसरा(धमतरी)





कोसरिया मरार पटेल समाज बगौदराज का नवनिर्मित मुख्यालय भवन का उद्घाटन, मां शाकंभरी महोत्सव, वरिष्ठजन व प्रतिभा सम्मान समारोह सिहादभाठा भखारा में हुआ। मुख्य अतिथि टंकराम वर्मा राजस्व मंत्री ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि समाज का विकास शिक्षा से ही संभव है। उन्होंने कहा कि शिक्षा केवल नौकरी ही नहीं, बल्कि विभिन्न क्षेत्र में सफल बनने का माध्यम भी है। बेटा-बेटी के शिक्षित होने से ही समाज मजबूत होगा। उन्होंने समाजजनों की मांग पर छात्रावास निर्माण के लिए 10 लाख रूपए प्रदान करने की घोषणा की। अति विशिष्ट अतिथि अजय चंद्राकर विधायक कुरूद ने आधुनिक कृषि तकनीकी अपनाने पर जोर दिया। ओंकार साहू विधायक धमतरी ने कहा कि मरार पटेल समाज का इतिहास गौरवशाली रहा है। इस समाज के लोग मेहनतशील हैं। अध्यक्षता बगौदराज अध्यक्ष सियाराम पटेल ने की। उन्होंने कहा कि विभिन्न सामाजिक गतिविधियों के लिए सुसज्जित एवं सर्व सुविधायुक्त भवन बनना एक बड़ी उपलब्धि है। मुख्यालय भवन बनने से निश्चित रूप से शैक्षिक, धार्मिक, सांस्कृतिक एवं अन्य रचनात्मक क्षेत्र में विकास होगा। विशिष्ट अतिथि छग प्रदेश (को) मरार पटेल समाज के अध्यक्ष सुनील पटेल, संयोजक राजेंद्र नायक पटेल, कार्यकारी अध्यक्ष तेजराम पटेल, ललित पटेल महासचिव, लीलार सिंह पटेल कोषाध्यक्ष, रामेश्वर पटेल, रानी पटेल महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष, जितेन्द्र पटेल जिलाध्यक्ष धमतरी, धनेश्वर पटेल कुरूद तहसील अध्यक्ष, श्रीमती ज्योति जैन अध्यक्ष नगर पंचायत भखारा, सरिता बैस सरपंच सिहाद, नोहरसिंह पटेल संरक्षक बगौद राज, तुकाराम पटेल संरक्षक, वासुदेव पटेल उपाध्यक्ष, अर्जुन पटेल सचिव, विमल प्रकाश पटेल कोषाध्यक्ष ने भी सभा को संबोधित किया। मौके पर किशोर पटेल, देवनाथ पटेल, हुलासराम पटेल, हुमन पटेल, नारायण पटेल, हेमकुमार पटेल, तुलेंद्र पटेल, शीतल पटेल, योगेश, महेंद्र, भूपेंद्र पटेल, महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष श्रीमती लता पटेल समेत समाजजन मौजूद थे।

### रक्तदान शिविर के साथ प्रतिभाओं का हुआ सम्मान

इस अवसर पर रक्तदान शिविर, स्वास्थ्य शिविर और उद्यानिकी विभाग द्वारा शिविर लगाया गया था जिसमें युवाओं और सामाजिक सदस्यों ने रक्तदान किया। सामाजिक सदस्यों ने स्वास्थ्य परीक्षण कराया। उद्यानिकी विभाग की योजनाओं के बारे में जाना एवं निःशुल्क फलदार तथा फूलदार पौधे प्राप्त किए। इस समारोह में एक जोड़ा आदर्श विवाह भी हुआ। प्रतिभावान बच्चों, वरिष्ठजनों, रक्तदान करने वाले युवाओं और भवन निर्माण में सहयोग करने वाले दानदाताओं को सम्मानित किया गया।

# डोंगरडुला स्कूल में 12वीं के छात्रों को दी विदाई

**नगरी।** शाउमावि डोंगरडुला में कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों के लिए विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथि राजेंद्र साहू अध्यक्ष शाला प्रबंधन समिति, फुलेश्वरी नेताम पूर्व सरपंच डोंगरडुला, पेमन साहू संसद प्रतिनिधि, अनराज साहू सदस्य तथा विद्यालय के प्राचार्य एमएस जयसिंधु ने किया। कक्षा 9वीं से 11वीं के विद्यार्थियों ने अपने सीनियर्स के सम्मान में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। गीत, भाषण के माध्यम से विद्यार्थियों ने अपने अनुभव साझा किए। प्राचार्य ने अपने संबोधन में विद्यार्थियों को जीवन में अनुशासन, परिश्रम और ईमानदारी का महत्व बताया। आगामी परीक्षाओं एवं भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों ने अपनी यादें साझा कीं। विद्यार्थियों को स्मृति चिन्ह भेंट किए गए। समारोह का संचालन पीएल साहू तथा आभार व्यक्त शशांक उपाध्यक्ष छात्र संघ ने किया।

## अंचल की खबरें

### कलारतराई के डाकेश का सीआरपीएफ में चयन



**धमतरी।** ग्राम कलारतराई के डाकेश पिता कमलेश साहू का केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) में चयन होने पर ग्रामीणों में खुशी की लहर है। युवक को ट्रेनिंग के लिए रवाना करने से पहले गांव में एक विदाई समारोह आयोजित किया गया। इस दौरान तिलक लगाकर आशीर्वाद दिया। युवाओं ने फूलमाला से उसका स्वागत किया। सरपंच कुलदीप ध्रुव ने कहा कि लगातार हमारे गांव से युवाओं का देश सेवा के लिए चयन हो रहा है। यह गर्व की बात है। उपसरपंच माधवेंद्र साहू ने कहा कि डाकेश के सीआरपीएफ में चयन होने से अन्य युवाओं को लिए प्रेरणा मिलेगी। इस अवसर पर लवणकिशोर साहू, प्रीतराम साहू, शिवनाथ साहू, संतोष साहू, भूषण साहू, रामकुमार साहू, वीरेंद्र साहू, जितेंद्र साहू, शंभू साहू, विष्णु साहू, नंदिनी साहू, रुचिका साहू, अंबिका साहू सहित ग्रामीण बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

### भाजपा मंडल मेघा महिला मोर्चा की कमान दिनेश्वरी को



**मगरलोड।** ग्राम मेघा (सेन्हाभाठा) निवासी श्रीमती दिनेश्वरी थनवार साहू को भाजपा मंडल मेघा महिला मोर्चा की अध्यक्ष नियुक्त की गई। इस अवसर पर दिनेश्वरी साहू ने कहा कि भाजपा ने मुझे महिला मोर्चा अध्यक्ष भाजपा मंडल मेघा का दायित्व सौंपा है। मैं आश्वस्त करती हूं कि इस दायित्व को निष्ठापूर्वक निर्वहन करूंगी। उनकी नियुक्ति पर सरपंच मनीषा ध्रुव, उपसरपंच छत्रपाल साहू, पंचगण तुलेश निषाद, कृष्णकुमार साहू, थनवार साहू, बेदराम साहू, पूर्व उपसरपंच दामेश्वरी साहू, पूर्व पंच रोहनलाल साहू, भाजपा बूथ अध्यक्ष संतोष साहू सेन्हाभाठा, पुरुषोत्तम पटेल मेघा सहित अन्य लोगों ने हर्ष जाहिर किया है।

### महिला मोर्चा की पदाधिकारियों ने रंजना से की मुलाकात



**धमतरी।** भाजपा महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष अनीता यादव ने अपनी टीम की घोषणा की। उसके बाद टीम की पदाधिकारियों ने प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष रंजना साहू से मुलाकात की। रंजना साहू ने पदाधिकारियों को सरकार की नीतियों का लाभ जन-जन तक पहुंचाने, नारी सशक्तिकरण के लिए महिला मोर्चा को सतत रूप से कार्य करने हेतु मार्ग प्रशस्त किया। इस दौरान भाजपा महिला मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य श्रीमती जागेश्वरी साहू, महिला मोर्चा उपाध्यक्ष श्रीमती रुक्मणि सोनकर, कोषाध्यक्ष संगीता जगताप, मीडिया प्रभारी डाली सोनी, महिला मोर्चा शहर मण्डल अध्यक्ष पूजा कुंजाम, महिला मोर्चा भोथली मण्डल अध्यक्ष श्रीमती पूर्णिमा बनपेला उपस्थित रहीं।

### छत्रपति शिवाजी महाराज की शोभायात्रा पर हिंदू जागरण मंच ने की पुष्पवर्षा



**धमतरी।** शहर में छत्रपति शिवाजी महाराज की 397 वीं जयंती पर मराठा समाज द्वारा भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा शहर के मध्य से गुजरी। हिंदू जागरण मंच द्वारा शहर के बालक चौक पर छत्रपति शिवाजी महाराज की शोभायात्रा पर पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। मौके पर वरिष्ठ समाज सेवी मोहनलाल साहू, प्रांत युवा प्रमुख दीपक सिंह ठाकुर ने वीर शिवाजी के आदर्शों को याद किया। हिंदू जागरण मंच जिला संयोजक पुरुषोत्तम निषाद ने महाराज के संघर्ष और राष्ट्र के लिए किए बलिदान को याद किया। स्वागत कार्यक्रम में हिंदू जागरण मंच के जिला सहसंयोजक डाकेश्वर साहू, प्रतीक सोनी, चित्रेश साहू, जिला युवा आयाम प्रमुख सत्यम सिन्हा, सर्व हिंदू समाज अध्यक्ष महेश रोहड़ा, सदस्य दिलीप पटेल, नन्दू जसवानी, भावेश धीवर, शिवांश पटवा, विनय, प्रांजल समेत अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### गोलबाजार परिसर में कचरा फैलाने वालों पर कार्रवाई



**धमतरी।** शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाए रखने के उद्देश्य से नगर निगम द्वारा लगातार निगरानी एवं कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में गोलबाजार परिसर में फल विक्रेताओं द्वारा खुले में कचरा फैलाने की शिकायत मिलने पर निगम की टीम ने मौके पर पहुंचकर निरीक्षण किया। जांच के दौरान पाया कि कुछ विक्रेताओं द्वारा सड़े-गले फल, पत्तियां एवं अन्य अपशिष्ट सामग्री सड़क और नाली के पास फेंकी जा रही थी, जिससे आसपास गंदगी फैल रही थी और आम नागरिकों को परेशानी हो रही थी। नगर निगम के स्वच्छता विभाग की संयुक्त टीम ने संबंधित फल विक्रेताओं के विरुद्ध दो-दो सौ रू.की चलानी कार्रवाई की। साथ ही उन्हें सख्त हिदायत दी कि भविष्य में कचरा निर्धारित स्थान पर ही डालें तथा दुकान के आसपास साफ-सफाई बनाए रखें।

### बिलासपुर के मुख्य न्यायाधीश की माताजी को दी श्रद्धांजलि

**धमतरी।** छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय बिलासपुर के मुख्य न्यायाधीश रमेश सिन्हा की माताजी स्व. श्रीमती कुसुम सिन्हा की पुण्यस्मृति में उनके शासकीय आवास, उच्च न्यायालय आवासीय परिसर बोदरी में शांति हवन का आयोजन किया गया। वैदिक मंत्रोच्चार के बीच आयोजित हवन के पश्चात भजन संध्या एवं शोकसभा हुई, जिसमें उपस्थितजनों ने मौन धारण कर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। वक्ताओं ने स्व. श्रीमती सिन्हा के सादगीपूर्ण जीवन, उच्च संस्कारों और पारिवारिक मूल्यों को स्मरण करते हुए कहा कि उनका स्नेह व आशीर्वाद सदैव कर्तव्यनिष्ठा और सेवा भावना की प्रेरणा देता रहेगा। कार्यक्रम में विष्णुदेव साय मुख्यमंत्री, तोखन साहू केन्द्रीय राज्यमंत्री, गजेन्द्र यादव विधि मंत्री, उच्च न्यायालय के सभी न्यायाधीश, रमेश बैस पूर्व राज्यपाल, सुशांत शुक्ला विधायक, महाधिवक्ता, पुलिस महानिदेशक, अध्यक्ष एवं सचिव उच्च न्यायालय अधिवक्ता संघ, वरिष्ठ अधिवक्तागण, प्रशासन एवं पुलिस के विभाग के अधिकारी समेत अन्य उपस्थित थे।

## बजरंग चौक से हरदी घाटा चौक तक 34 करोड़ की परियोजना प्रस्तावित

# नगरी में फोरलेन सड़क निर्माण की मांग को मिली गति

हरिभूमि न्यूज ▶▶नगरी

नगर पंचायत नगरी में बढ़ते यातायात दबाव और संकरी सड़क के कारण आमजन को हो रही परेशानी को देखते हुए फोरलेन सड़क निर्माण की मांग ने अब जोर पकड़ लिया है। नगर पंचायत अध्यक्ष बलजीत छाबड़ा ने जिला प्रभारी मंत्री टंकराम वर्मा से मुलाकात कर इस विषय पर विस्तृत चर्चा की।

अध्यक्ष ने प्रभारी मंत्री को अवगत कराया कि बजरंग चौक से हरदी घाटा चौक तक सड़क का चौड़ीकरण कर फोरलेन निर्माण आवश्यक है। यह नगर का मुख्य मार्ग है, जहां प्रतिदिन भारी वाहनों, स्कूली बसों एवं आम नागरिकों की आवाजाही रहती है। वर्तमान में सड़क की चौड़ाई कम होने के कारण जाम, दुर्घटनाएं और आवागमन में विलंब जैसी समस्याएं आम हो गई हैं। बताया गया कि उक्त सड़क परियोजना पूर्व में मूल बजट में शामिल है तथा लगभग 34 करोड़ रुपये की लागत से निर्माण का प्रस्ताव तैयार किया गया है। अब प्रशासनिक स्वीकृति प्राप्त कर शीघ्र कार्य प्रारंभ कराने की मांग की गई है।



इसके अतिरिक्त प्रतिनिधिमंडल द्वारा राजाबाड़ा मैदान (जहां विभिन्न धार्मिक एवं सामाजिक कार्यक्रम आयोजित होते हैं) में डोम निर्माण हेतु 30 लाख रुपये तथा हाईस्कूल मैदान को मिनी स्टेडियम के रूप में विकसित करने के लिए 1 करोड़ 13 लाख रुपये की मांग संबंधी पत्र भी प्रभारी मंत्री को सौंपा गया।

इस पर प्रभारी मंत्री टंकराम वर्मा ने कार्रवाई का आश्वासन देते हुए कहा कि शासन स्तर पर आवश्यक स्वीकृति दिलवाकर कार्य को आगे बढ़ाया जाएगा।

इस अवसर पर जिला अध्यक्ष प्रकाश बैस, पूर्व विधायक श्रवण मरकाम, नगर पंचायत अध्यक्ष बलजीत छाबड़ा सहित पार्षद एवं सभापति अश्वनी निषाद, शंकरदेव, विनिता कोठारी, चेलेश्वरी साहू एवं अंबिका ध्रुव उपस्थित रहीं।

#### मुख्यमंत्री एवं लोक निर्माण मंत्री से स्वीकृति की मांग

नगर पंचायत अध्यक्ष ने प्रभारी मंत्री से आग्रह किया कि वे प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय तथा लोक निर्माण विभाग के मंत्री अरुण साव से प्रशासनिक स्वीकृति दिलवाकर आवश्यक बजट जारी करवाएं, ताकि निर्माण कार्य शीघ्र प्रारंभ हो सके।

#### जाम और दुर्घटनाओं से मिलेगी राहत

अध्यक्ष बलजीत छाबड़ा ने कहा कि नगर के समग्र विकास एवं सुगम यातायात व्यवस्था के लिए फोरलेन सड़क का निर्माण अत्यंत जरूरी है। जाम और दुर्घटनाओं से राहत दिलाने के उद्देश्य से यह पहल की गई है और शासन से सकारात्मक सहयोग मिलने की पूरी उम्मीद है।

## विधायक आज करेंगे बैडमिंटन मल्टी कोर्ट का उद्घाटन



- अटलबिहारी स्टेडियम में जमेगा खिलाड़ियों का मजमा

हरिभूमि न्यूज ▶▶कुरूद

नगर के खेलप्रेमियों के लिए एक बड़ी खुशखबरी है। अटलबिहारी वाजपेयी स्टेडियम में नवनिर्मित बैडमिंटन मल्टी कोर्ट का उद्घाटन आज होने जा रहा है। इस अवसर पर बैडमिंटन बॉयज क्लब कुरुद द्वारा एक दिवसीय अंतर्राज्यीय बैडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है, जिसमें देश के विभिन्न राज्यों से दिग्गज खिलाड़ी शिरकत करेंगे।



कार्यक्रम का शुभारंभ आज सुबह 10 बजे दीप प्रज्ज्वलन के साथ होगा। उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि अजय चंद्राकर विधायक कुरुद होंगे। अध्यक्षता ज्योति चंद्राकर अध्यक्ष नपा कुरुद द्वारा की जाएगी। विशिष्ट अतिथि रागिनी मिश्रा डीएसपी, रविकांत चंद्राकर पूर्व अध्यक्ष नपं कुरुद, महेंद्र राज गुप्ता सीएमओ नगर पालिका, त्रिलोक चंद जैन पूर्व मंडल अध्यक्ष,भाजपा और मूलचंद सिन्हा अध्यक्ष कुरुद प्रेस क्लब होंगे। प्रतियोगिता का समापन रात्रि 9 बजे होगा। पुरस्कार वितरण समारोह के मुख्य अतिथि भानु चंद्राकर विधायक प्रतिनिधि होंगे। अध्यक्षता देवव्रत साहू उपाध्यक्ष नपा कुरुद करेंगे। विशिष्ट अतिथि मनीष साहू पार्षद, हितेंद्र केला अध्यक्ष राइस मिल एसोसिएशन, योगेन्द्र सिन्हा अध्यक्ष व्यापारी संघ, अरुण केला और राजू शर्मा होंगे। बैडमिंटन बॉयज क्लब हरीश केला ने बताया कि इस एक दिवसीय आयोजन में पुरुष ओपन युगल और 40 वर्ष से अधिक के वेटरन्स युगल वर्ग के मुकाबले होंगे। कुरुद की नई पीढ़ी के खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने के लिए इस आयोजन की तैयारी पूर्ण कर ली गई है।

## रसोइयों की हड़ताल से मध्यान्ह भोजन की व्यवस्था बिगड़ी



- स्कूलों में स्व-सहायता समूह संभाल रहे मध्यान्ह भोजन की जिम्मेदारी
- मानदेय में 50% बढ़ोतरी की मांग पर चौथे दिन भी डटे रहे कर्मी

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

मध्यान्ह भोजन बनाने वाली रसोइयों और सहायिकाओं की हड़ताल के चलते जिले के कई स्कूलों में व्यवस्था अस्थायी रूप से बदल दी गई है। आंदोलन के चौथे दिन भी काम बंद रखे जाने से प्रभावित शालाओं में स्व-सहायता समूहों की महिलाएं बच्चों के लिए मध्यान्ह भोजन तैयार कर रही हैं। मानदेय वृद्धि सहित 10 सूत्रीय मांगों को लेकर मध्यान्ह भोजन मजदूर एकता यूनियन (सीटू से संबद्ध) के बैनर तले रसोइया-सहायिकाएं 17 से 28 फरवरी तक चरणबद्ध आंदोलन पर हैं।

धरना स्थल गांधी चौक में जुटी रसोइयों का कहना है कि वर्तमान में उन्हें मात्र 2000 रुपये मासिक मानदेय मिलता है, जिसमें 600 रुपये केंद्र सरकार और 1400 रुपये राज्य सरकार की हिस्सेदारी है। उनकी मांग है कि बजट में कम से कम 50 प्रतिशत की बढ़ोतरी तत्काल लागू की जाए और समान काम, समान वेतन का सिद्धांत लागू हो। यूनियन का कहना है कि इतनी कम राशि में आजीविका चलाना संभव नहीं है।

धमतरी जिले में 162 संकुलों के अंतर्गत लगभग 2400 रसोइया और सहायिकाएं कार्यरत हैं। इनके माध्यम से प्रतिदिन करीब एक लाख बच्चों के लिए भोजन तैयार किया जाता है।

हड़ताल के कारण कई स्कूलों में नियमित कर्मचारी काम पर नहीं लौटे हैं, जिससे प्रशासन ने वैकल्पिक व्यवस्था के तहत स्व-सहायता समूहों को जिम्मेदारी सौंपी है। आंदोलनकारी महिलाएं गांधी चौक में धरने पर बैठी हैं। उनका कहना है कि जब तक मांगों पर ठोस आश्वासन नहीं मिलता, आंदोलन जारी रहेगा। प्रशासन की ओर से फिलहाल कोई औपचारिक घोषणा नहीं की गई है, लेकिन शिक्षा विभाग हालात पर नजर बनाए हुए हैं।

हड़ताल के बावजूद यह सुनिश्चित करने की कोशिश की जा रही है कि स्कूली बच्चों के मध्यान्ह भोजन की व्यवस्था बाधित न हो। स्व-सहायता समूहों की महिलाओं ने जिम्मेदारी संभालते हुए भोजन तैयार करना शुरू कर दिया है, ताकि बच्चों की पढ़ाई और पोषण पर असर न पड़े।

## तीसरे प्रयास में सौरभ ने रचा इतिहास, बने सिविल जज

- हटकेश्वर वार्ड के अधिवक्ता ने 37 वर्ष की उम्र में हासिल की सफलता

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

शहर के हटकेश्वर वार्ड निवासी अधिवक्ता सौरभ तरार ने अपने तीसरे प्रयास में सिविल जज बनकर न केवल अपने परिवार बल्कि पूरे शहर का नाम रोशन किया है। 37 वर्ष की आयु में मिली इस सफलता से नगरवासियों, अधिवक्ता संघ और देवांगन समाज में हर्ष का माहौल है। सौरभ स्व. जयचंद तरार के पुत्र हैं और अपनी मेहनत, धैर्य व संकल्प के दम पर यह मुकाम हासिल किया है।

#### संगीत से कानून तक का सफर

सौरभ ने 10वीं और 12वीं की पढ़ाई धमतरी के सरस्वती शिशु मंदिर में की। इसके बाद उन्होंने उच्च शिक्षा के लिए इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय में प्रवेश लिया और वर्ष 2009 में संगीत विषय में डिग्री प्राप्त की। संगीत की पढ़ाई के बाद उन्होंने अपने करियर की दिशा बदली और धमतरी लौटकर एलएलबी की पढ़ाई पूरी की। वर्ष 2017 में कानून की पढ़ाई पूरी करने के बाद वे धमतरी सिविल कोर्ट में अधिवक्ता के रूप में प्रैक्टिस करने लगे।



#### इंटरव्यू में दो बार हुए असफल

सौरभ तरार ने बताया कि उन्होंने सिविल जज की परीक्षा तीन बार दी। पहले दो प्रयास में वे इंटरव्यू तक पहुंचे, लेकिन अंतिम चयन नहीं हो पाया। इसके बावजूद उन्होंने हार नहीं मानी और तीसरे प्रयास में लिखित परीक्षा व इंटरव्यू दोनों सफलतापूर्वक उत्तीर्ण कर सिविल जज पद हासिल किया। उनकी इस उपलब्धि को धैर्य, लगन और निरंतर प्रयास का परिणाम माना जा रहा है।

#### गरीबों को न्याय दिलाना ही जीवन का उद्देश्य

सौरभ का कहना है कि वे शुरू से ही गरीब और असहाय लोगों को न्याय दिलाने के उद्देश्य से कानून के क्षेत्र में आए थे। अधिवक्ता रहते हुए उन्होंने समाज और जरूरतमंदों की सेवा की, अब जज के रूप में निष्पक्ष न्याय देकर समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाएंगे।

#### पुश्तैनी व्यवसाय और सेवा का जज्बा

सौरभ तरार का पैतृक व्यवसाय संगीत वाद्ययंत्रों की बिक्री का है। शहर में तरार हारमोनियम नाम से उनकी दुकान है, जहां उनके दादा, पिता और स्वयं सौरभ भी समय-समय पर बैठते रहे हैं। वकालत के साथ-साथ वे दुकान के कार्यों में भी हाथ बंटाते थे। अब सिविल जज बनने के बाद वे न्यायपालिका के माध्यम से समाज सेवा का संकल्प पूरा करेंगे।

#### युवाओं के लिए बने प्रेरणास्त्रोत

सौरभ तरार की इस सफलता पर नगरवासियों, परिवारजनों और अधिवक्ता संघ ने हर्ष व्यक्त किया है। देवांगन समाज ने भी इसे समाज के लिए गौरवपूर्ण उपलब्धि बताया है। इस होनहार युवक की सफलता युवाओं के लिए प्रेरणा बनकर सामने आई है।

## आईएचजीएफ देहली फेयर में छत्तीसगढ़ के शिल्पियों की भागीदारी

- विदेशी खरीदारों से बाजार की मांग, डिजाइन, फिनिशिंग की समझ विकसित हुई : उमेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

एक्सपोर्ट प्रमोशन काउंसिल फॉर हेंडीक्राफ्ट द्वारा इंडिया एक्सपो मार्ट में आयोजित आईएचजीएफ दिल्ली फेयर 2026 में छत्तीसगढ़ की पारंपरिक कला और शिल्प ने अंतरराष्ट्रीय मंच पर अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज कराई। इस मेले में देश-विदेश के हजारों होलसेल खरीदारों और लगभग 3000 से अधिक निर्यातकों ने भाग लिया।

झिटकू मटकी प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड कोंडागांव के माध्यम से राज्य के कई प्रसिद्ध शिल्पकारों ने अपने उत्पादों का प्रदर्शन किया। इनमें पद्मश्री से सम्मानित काष्ठ शिल्पी पंडी राम मंडावी, धमतरी के काष्ठ शिल्पी उमेश साहू, राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित ढोकरा कलाकार पंचू राम सागर और रामलाल मंडावी, बांस शिल्पी मनमोहन नाग, रॉट आयरन शिल्पी नंदलाल मरकाम तथा भित्ति चित्रकार सरला यादव और संतोषी यादव शामिल रहे। मेले में अमेरिका, यूरोप, मध्य-पूर्व और एशिया सहित कई देशों के आयातकों ने स्टॉलों का अवलोकन कर पसंदीदा उत्पादों के लिए बड़े ऑर्डर दिए। उमेश साहू ने बताया कि इस मंच पर विदेशी खरीदारों से सीधे संवाद कर बाजार की मांग, डिज़ाइन, फिनिशिंग और पैकेजिंग की समझ विकसित हुई। मेले के दौरान छत्तीसगढ़ शिल्प बोर्ड की अध्यक्ष शालिनी राजपूत ने भी शिल्पकारों का उत्साहवर्धन किया। शिल्पियों ने राज्य सरकार और सुश्री लता उसेंडी के प्रयासों के प्रति आभार जताया। यह आयोजन छत्तीसगढ़ के हस्तशिल्प को वैश्विक पहचान दिलाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित हुआ।



## किस्त मिलने के बाद भी निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं करने वाले हितग्राहियों पर कार्रवाई के निर्देश

- जनपद पंचायत धमतरी के सभाकक्ष में योजनावार प्रगति की हुई समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी गजेंद्र सिंह ठाकुर की उपस्थिति में जनपद पंचायत धमतरी के सभाकक्ष में योजनावार समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में सहायक परियोजना अधिकारी स्वप्निल ध्रुव, जनपद पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुश्री वर्षा रानी चिकन जूरी, एसडीओ आरईएस, उप अभियंता, ग्राम पंचायत सचिव एवं तकनीकी सहायक उपस्थित रहे।





बैठक में विशेष रूप से प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत वर्ष 2024-25 एवं 2025-26 में स्वीकृत आवासों की प्रगति की समीक्षा की गई। अपूर्ण आवासों की सूचीवार जांच कर विलंब के कारणों का विश्लेषण करने और समयसीमा में कार्य पूर्ण कराने के निर्देश दिए गए। जिन हितग्राहियों ने किस्त प्राप्त करने के बाद भी निर्माण प्रारंभ नहीं किया है, उनसे समन्वय स्थापित कर आवश्यक कार्रवाई करने को कहा गया। स्वीकृत आवासों में शौचालय निर्माण सुनिश्चित करने पर भी जोर दिया गया।

सामर्थ पोर्टल पर शत-प्रतिशत प्रविष्टि, मेरी गांव मेरी धरोहर योजना के अंतर्गत ऑनलाइन एंट्री तथा स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण में कर वसूली की प्रगति की समीक्षा की गई। वर्ष 2026-27 के लिए प्राथमिकता आधारित बजट तैयार करने और संपदा एप में पंचायत परिसंपत्तियों की पूर्ण प्रविष्टि सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए।

### भारतीय सेना में भर्ती के लिए अधिसूचना जारी

**धमतरी।** सेना भर्ती कार्यालय रायपुर द्वारा जानकारी दी गई है कि भारतीय सेना में विभिन्न पदों पर भर्ती के लिए 13 फरवरी को अधिसूचना जारी कर दी गई है। ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया 13 फरवरी से 1 अप्रैल 2026 तक चलेगी। निर्धारित समय-सीमा के भीतर ही आवेदन स्वीकार किए जाएंगे। अधिसूचना के तहत अग्निवीर पुरुष (जनरल ड्यूटी), तकनीकी, लिपिक स्टोरकीपर, ट्रेड्समैन (10वीं एवं 8वीं पास), अग्निवीर महिला (सेना पुलिस) तथा स्थायी कैडर में नर्सिंग असिस्टेंट, नर्सिंग असिस्टेंट (वेट) और सिपाही फार्मा के पदों पर आवेदन मंगाए गए हैं। ऑनलाइन कॉमन एंट्रेंस एग्जाम (सीईई) का आयोजन संभावित रूप से 1 जून से 10 जून 2026 के बीच किया जाएगा। परीक्षा तिथि एवं अन्य जानकारी प्रवेश पत्र के माध्यम से दी जाएगी। अभ्यर्थियों की सहायता हेतु सेना भर्ती कार्यालय, नया रायपुर में हेल्पडेस्क की व्यवस्था की गई है। चयन प्रक्रिया पूर्णतः पारदर्शी एवं योग्यता आधारित होगी।



विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

**खबर संक्षेप**

### जिले के तीन आरआई बने सहायक अधीक्षक भू-अभिलेख

**धमतरी।** राज्य शासन ने छग के 42 राजस्व निरीक्षकों को सहायक अधीक्षक भू-अभिलेख के पद पर पदोन्नत किया है। इसके लिए सूची जारी की गई है। जारी सूची में धमतरी जिले के तीन राजस्व निरीक्षक भी पदोन्नत हुए हैं, जिनमें अश्वनी कुमार साहू वर्तमान तथा नवीन पदस्थापना जिला धमतरी हैं। इसी तरह परीक्षित मरकाम धमतरी से बालोद जिला तथा श्रीमती लेखेश्वरी साहू धमतरी से मुख्यालय नवा रायपुर अटल नगर पदोन्नत किए गए हैं।

### जवान नागरिकों की मदद व सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध

**अंतागढ़।** विकासखंड मुख्यालय वाहिनी के कार्यक्षेत्र अंतर्गत संतोष कुमार गावड़े की बहू की डिलिवरी के दौरान अचानक रक्त की अत्यधिक कमी हो जाने से उनकी स्थिति अत्यंत गंभीर हो गई थी। गंभीर परिस्थिति को देखते हुए संतोष कुमार गावड़े स्वयं वाहिनी के मुख्य द्वार पर उपस्थित होकर पूरी घटना से अवगत कराया तथा तत्काल सहायता की गुहार लगाई। जवानों ने 04 यूनिट रक्त की तत्काल व्यवस्था सुनिश्चित की गई, जिससे समय पर उपचार संभव हो सका। वाहिनी की तत्परता एवं मानवीय संवेदनशीलता के परिणामस्वरूप माँ एवं नवजात शिशु दोनों सुरक्षित हैं।

### दुर्घटना में अधेड़ की मौत पर मर्ग कायम

**कांकेर।** थाना कांकेर अंतर्गत ग्राम कोड़ेजुंगा रोड के पास 19 फरवरी को हुई सड़क दुर्घटना में धमतरी जिला के बेलगांव निवासी 45 वर्षीय गोविंद राम नेताम पिता छोटूराम नेताम का मौत हो गया। पुलिस से मिली जानकारी अनुसार मृतक सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गया था, जिसके कारण उसकी मौत हो गई।

### युवती ने फांसी लगाकर दी जान

**कांकेर।** थाना कांकेर अंतर्गत जिला अस्पताल में इलाज के लिए लाए 18 वर्षीय रूची गढ़पाले पिता अभिताभ गढ़पाले का मौत हो गया। जिला अस्पताल से अस्पताली मेमो पेश कर पुलिस को बताया गया कि मृतिका ने फांसी लगा लिया था। इलाज के लिए अस्पताल में लाया गया, लेकिन उसकी 19 फरवरी को मौत हो गई। पुलिस द्वारा मर्ग कामय कर विवेचना में लिया गया।

### जिम के बाहर छात्र से मारपीट, रिपोर्ट दर्ज

**कांकेर।** पखांजुर थाना क्षेत्र में जिम के बाहर एक कॉलेज छात्र के साथ मारपीट और जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर आरोपी के विरुद्ध विभिन्न धाराओं में अपराध दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। थाना पखांजुर में शिकायत करने पहुंचे छोटेकापसी निवासी 18 वर्षीय अदित्य देवनाथ पिता अनांद देवनाथ ने पुलिस को बताया कि वर्तमान में कलिंगा युनिवर्सिटी रायपुर में पढ़ाई कर रहा हूं। कालेज की छुट्टी होने से घर कापसी आया हूं। पखांजुर के जीम में कसरत के लिए आता हूं। रोज कि तरह 20 फरवरी को कसरत करने जीम में आया था। शाम करीबन 5 बजें जीम के बाहर ग्राम बड़े कापसी निवासी राज मंडल के द्वारा मेरे कद को लेकर चिढ़ाने पर मैं उसे जवाब दिया कि ऐसे किसी को नहीं चिढ़ाना चाहिए।

रेललाइन किनारे 4 किमी नई सड़क का प्लान, 25 करोड़ का प्रस्ताव शासन को भेजा

# मालवाहकों के लिए बनेगा ग्रीन कॉरिडोर





### शहर के ट्रैफिक पर नहीं पड़ेगा बोझ

महापौर ने बताया कि बड़ी रेललाइन के बाद स्टेशन क्षेत्र में माल गोदाम सक्रिय होगा, जिससे ट्रक और अन्य मालवाहक वाहनों की संख्या बढ़ेगी। यदि वैकल्पिक मार्ग नहीं बनाया गया तो शहर के मुख्य मार्गों और सिहावा चौक क्षेत्र में जाम की स्थिति बन सकती है। इसी को ध्यान में रखते हुए गैरेज (सिहावा चौक) के सामने से सेहराडबरी तक नया कॉरिडोर विकसित करने की योजना तैयार की गई है। यह मार्ग भारी वाहनों के लिए समर्पित रहेगा, जिससे शहर के भीतर यातायात का दबाव कम होगा।

#### औद्योगिक पहचान की दिशा में अगला कदम

महापौर ने धमतरी को औद्योगिक मानचित्र पर स्थापित करने के लिए भी राज्य सरकार को विस्तृत प्रस्ताव भेजा है। उन्होंने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से मिल्क प्रोसेसिंग यूनिट, ईवी बैटरी निर्माण इकाई और सोलर पैनल उद्योग की स्थापना को स्वीकृति देने का आग्रह किया है। उनका कहना है कि सड़क और रेल कनेक्टिविटी मजबूत होने से उद्योगों के लिए आधारभूत ढांचा तैयार होगा, जिससे निवेश आकर्षित होगा।

#### दुग्ध उत्पादकों को मिलेगा सीधा लाभ

धमतरी जिला कृषि और दुग्ध उत्पादन के लिए जाना जाता है, लेकिन प्रसंस्करण इकाइयों के अभाव में स्थानीय उत्पादकों को अपेक्षित मूल्य नहीं मिल पाता। प्रस्तावित मिल्क प्रोसेसिंग यूनिट से न केवल किसानों को उचित दाम मिलेगा, बल्कि दुग्ध आधारित सहायक उद्योगों को भी बढ़ावा मिलेगा। इससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी और स्वरोजगार के अवसर बढ़ेंगे।

#### ईवी और सोलर उद्योग से युवाओं को रोजगार

देश में इलेक्ट्रिक वाहनों की बढ़ती मांग को देखते हुए ईवी बैटरी निर्माण इकाई को भविष्य की जरूरत बताया जा रहा है। महापौर के अनुसार इससे तकनीकी कौशल वाले युवाओं को स्थानीय स्तर पर रोजगार मिलेगा। साथ ही सोलर पैनल उद्योग की स्थापना से हरित ऊर्जा क्षेत्र में धमतरी की भागीदारी बढ़ेगी और पर्यावरण अनुकूल विकास को बढ़ावा मिलेगा।

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

बड़ी रेललाइन परियोजना के साथ शहर की ट्रैफिक व्यवस्था को सुगम बनाए रखने के लिए नगर निगम ने बड़ा खाका तैयार किया है। रेलवे स्टेशन के पास प्रस्तावित माल गोदाम से भारी वाहनों की आवाजाही बढ़ने की आशंका को देखते हुए महापौर रामू रोहरा ने सेहराडबरी से सिहावा चौक तक नई वैकल्पिक सड़क निर्माण का प्रस्ताव राज्य शासन को भेजा है।

करीब 4 किलोमीटर लंबी यह सड़क रेललाइन के किनारे विकसित की जाएगी, जिसकी अनुमानित लागत 20 से 25 करोड़ रुपये बताई गई है। परियोजना के लिए आवश्यक भू-अर्जन प्रक्रिया भी प्रस्तावित है।

नगर निगम की इस पहल को शहर के दीर्घकालीन विकास से जोड़कर देखा जा रहा है। एक ओर मालवाहकों के लिए अलग सड़क बनाकर ट्रैफिक प्रबंधन सुदृढ़ करने की तैयारी है, तो दूसरी ओर औद्योगिक इकाइयों की स्थापना से आर्थिक गतिविधियों को नई दिशा देने की रणनीति। यदि शासन से स्वीकृति मिलती है तो आने वाले वर्षों में धमतरी न केवल बेहतर यातायात व्यवस्था वाला शहर बनेगा, बल्कि औद्योगिक निवेश और रोजगार सृजन का नया केंद्र भी बन सकता है।

## मुख्यमंत्री से अनुसूचित जनजाति वर्ग के मुद्दों पर हुई चर्चा




**धमतरी।** अनुसूचित जनजाति वर्ग से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण मुद्दों को लेकर पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से रायपुर स्थित उनके निवास में भेंट कर विस्तृत चर्चा की। श्री कुलस्ते, जो संसदीय समिति (अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति कल्याण) के अध्यक्ष भी हैं, ने प्रदेश में आदिवासी वर्ग के हितों से जुड़े विषयों को प्रमुखता से उठाया।

उन्होंने कहा कि भर्ती प्रक्रिया में सुप्रीम कोर्ट के आदेशानुसार विज्ञापन जारी किए जा रहे हैं, उसी प्रकार पदोन्नति में आरक्षण की बहाली पर भी विचार किया जाना चाहिए। इससे पदोन्नति के बाद रिक्त होने वाले पदों पर प्रदेश के आदिवासी युवाओं को रोजगार के बेहतर अवसर मिल सकेंगे। श्री कुलस्ते ने सहायक शिक्षक पद हेतु डीएड धारी आदिवासी युवाओं की नियुक्ति का मुद्दा भी उठाया। उन्होंने बताया कि युवाओं ने न्यायालय के निर्देशानुसार दिल्ली में भेंट कर अपनी मांग रखी थी, जिस पर राज्य सरकार को सहानुभूतिपूर्वक विचार करना चाहिए।

इस अवसर पर अनुसूचित जनजाति शासकीय सेवक विकास संघ छत्तीसगढ़ के प्रदेश अध्यक्ष आरएन ध्रुव, सेवानिवृत्त आबकारी अधिकारी राकेश मंडावी, राहुल ध्रुव एवं आलोक वर्मा सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# जिले के समाजसेवियों को हरिभूमि आईएनएच के मंच पर मिला सम्मान

## प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी ने जिला संवाद कार्यक्रम में शाल-श्रीफल व मोमेंटो देकर किया सम्मानित









इस अवसर पर मगरलोड संवाददाता सुरेश साहू, कुरूद संवाददाता यशवंत गंजीर, नगरी संवाददाता कुलदीप साहू, रायपुर प्रसार प्रभारी तोरण साहू, धमतरी जिला ब्यूरो चीफ उमेश सिंह बशिस्ट, विज्ञापन प्रभारी रवि राजपूत ने कार्यक्रम समाप्ति के बाद प्रधान संपादक डॉ हिमांशु द्विवेदी से सौजन्य भेंट की।

**धमतरी।** जिले के तीन समाजसेवियों को उनकी उल्लेखनीय सेवाओं के लिए प्रतिष्ठित समाचार पत्र हरिभूमि आईएनएच के जिला संवाद कार्यक्रम में सम्मानित किया गया। प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी ने मंच पर आमंत्रित कर शाल, श्रीफल और स्मृति चिन्ह भेंटकर उनका अभिनंदन किया। समाज सेवा के क्षेत्र में वर्षों से निःस्वार्थ भाव से कार्य कर रहे इन तीनों हस्तियों की उपलब्धियों ने जिले का नाम रोशन किया है।

#### दीपक ठाकुरः दो दशक से निःस्वार्थ सेवा का संकल्प

शहर के जाने-माने समाजसेवी दीपक ठाकुर पिछले 20 वर्षों से समाज सेवा में सक्रिय हैं। वे गांव-गांव जाकर लोगों को सेवा और सामाजिक जागरूकता की प्रेरणा देते हैं। उनके मार्गदर्शन में हजारों कार्यकर्ता जरूरतमंदों, दीन-दुखियों और पीड़ितों की सहायता में जुटे हैं। सामाजिक न्याय दिलाने, वंचितों को मुख्यधारा से जोड़ने और गौ संरक्षण-संवर्धन की दिशा में उनका योगदान उल्लेखनीय है। विशेष बात यह है कि वे बिना किसी बाहरी सहयोग के स्वयं के व्यय से सेवा कार्य संचालित कर रहे हैं और लोगों को गौपालन के लिए भी प्रेरित करते हैं।

#### तुमन-रंजीता साहू : शिक्षा और पोषण के प्रहरी

ग्राम भैंसमुंडी (मगरलोड ) निवासी तुमन साहू और रंजीता साहू पेशे से शासकीय सेवक हैं, लेकिन समाज सेवा के क्षेत्र में उनकी अलग पहचान है। उन्होंने जिले के 165 स्कूलों में बच्चों के लिए एलईडी टीवी भेंट किए हैं, ताकि पढ़ाई आधुनिक संसाधनों के साथ हो सके। इसके साथ ही हजारों फलदार पौधे और ऑर्गेनिक मीठे फल निःशुल्क वितरित किए। 203 स्कूलों में न्योता भोज के माध्यम से पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराया गया। शैक्षणिक सामग्री, बिस्कुट, चॉकलेट, पेन, कॉपी का वितरण कर बच्चों का उत्साह बढ़ाया। बचत की आदत विकसित करने के लिए हजारों स्कूली बच्चों को गुल्लक भी भेंट किए। कार्यक्रम स्थल पर ऑर्गेनिक सब्जियां पत्ता गोभी, ब्रोकली, कद्दू निःशुल्क वितरित की गईं । प्रधान संपादक डॉ. द्विवेदी को भी जैविक सब्जियां भेंट की गईं।

#### सन्नी छाजेड़ : मानवता की मिसाल

नगरी के समाजसेवी सन्नी छाजेड़ वर्षों से सेवा कार्यों में जुटे हैं। वे सैकड़ों लावारिस शवों का अंतिम संस्कार कर मानवता का परिचय दे चुके हैं। दिव्यांगों को आश्रय देना, विक्षिप्त और घुमंतू लोगों को उनके परिवार से मिलवाना तथा उनका इलाज कराना उनकी सेवा का प्रमुख हिस्सा है। गरीब बेटियों के विवाह में आर्थिक सहायता प्रदान करने के साथ ही मरीजों के लिए निःशुल्क एंबुलेंस सेवा उपलब्ध कराना भी उनके कार्यों में शामिल है। उनकी उल्लेखनीय उपलब्धियों के लिए मंच से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में तीनों समाजसेवियों की सराहना करते हुए कहा गया कि समाज में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए ऐसे समर्पित व्यक्तित्व प्रेरणास्रोत हैं। जिले के लिए यह गौरव का क्षण रहा, जब निःस्वार्थ सेवा को बड़े मंच पर पहचान और सम्मान मिला।

### स्थानीय बोलियां समृद्ध, सांस्कृतिक इतिहास और परंपराओं की संवाहक हैं : प्रभात मिश्रा

**धमतरी।** जिला हिन्दी साहित्य समिति के तत्वावधान में साहित्य भवन (म्युनिसिपल स्कूल के पीछे) में आयोजित कार्यक्रम में प्रभात मिश्रा अध्यक्ष छत्तीसगढ़ राजभाषा आयोग का आगमन हुआ। धमतरी प्रवास के दौरान अध्यक्ष श्री मिश्रा ने दिवंगत हास्य-व्यंग्य के प्रख्यात कवि एवं आयोग के पूर्व सदस्य सुरजीत नवदीप के निवास पहुंचकर श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि नवदीप जी ने अपनी लेखनी से छत्तीसगढ़ की माटी, लोकजीवन और जनभावनाओं को सशक्त अभिव्यक्ति दी। उनके साहित्य के संकलन, संरक्षण और प्रकाशन के लिए आयोग शासन से पत्राचार करेगा। विचार-विमर्श सत्र में प्रभात मिश्रा ने बताया कि राज्य की आदिम एवं जनजातीय बोलियों का संरक्षण और संपोषण आयोग की प्राथमिकता में है। भतरी, दोरली हल्बी, गोंडी, छत्तीसगढ़ी और अन्य स्थानीय बोलियां केवल संप्रेषण का माध्यम नहीं बल्कि समृद्ध सांस्कृतिक इतिहास, लोकज्ञान और परंपराओं की संवाहक है।

# पहले ही दिन 151 स्टूडेंट ने नहीं दी परीक्षा

- 10वीं बोर्ड में हिंदी पेपर शांतिपूर्ण, चेहरों पर दिखी राहत
- जिले के 85 केंद्रों पर आयोजित हुई परीक्षा, कहीं भी नकल का मामला नहीं



हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल की 10वीं बोर्ड परीक्षा की शुरुआत जिले में शांतिपूर्ण माहौल में हुई, लेकिन पहले ही दिन 151 विद्यार्थियों की अनुपस्थिति ने शिक्षा विभाग का ध्यान खींचा है। शनिवार को आयोजित हिंदी के प्रथम प्रश्नपत्र में अधिकांश परीक्षार्थियों के चेहरे पर संतोष और आत्मविश्वास झलकता नजर आया। पेपर अपेक्षाकृत सरल रहा और जिले के किसी भी केंद्र से नकल प्रकरण सामने नहीं आया।

शिक्षा विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले में 10वीं बोर्ड परीक्षा के लिए कुल 10,466 विद्यार्थियों का पंजीयन हुआ है। परीक्षा संचालन के लिए 85 केंद्र बनाए गए हैं।

पहले दिन हिंदी विषय की परीक्षा में 151 विद्यार्थी अनुपस्थित पाए गए। धमतरी ब्लॉक में 58 , कुरूद ब्लॉक 29 , मगरलोड ब्लॉक 25, नगरी ब्लॉक में 39 छात्र अनुपस्थित रहे। शिक्षा विभाग के अधिकारियों के अनुसार सभी केंद्रों पर परीक्षा शांतिपूर्वक संपन्न हुई और किसी भी प्रकार का अनुचित साधन (नकल) की घटना दर्ज नहीं की गई।

इधर केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) की 10वीं परीक्षा भी जिले में सुचारु रूप से चल रही है। शनिवार को अंग्रेजी विषय का पेपर आयोजित किया गया।

सिटी को-ऑर्डिनेटर नितिन शर्मा के अनुसार जवाहर नवोदय विद्यालय में 1 विद्यार्थी अनुपस्थित रहा। मेनोनाइट इंग्लिश स्कूल में भी एक परीक्षार्थी ने परीक्षा नहीं दी। वहीं डीपीएस केंद्र में सभी पंजीकृत विद्यार्थियों की उपस्थिति रही।

#### आसान पेपर से खिले चेहरे

हिंदी का प्रश्नपत्र अपेक्षाकृत आसान होने से परीक्षा केंद्रों के बाहर विद्यार्थियों के चेहरों पर मुस्कान दिखाई दी। कई विद्यार्थियों ने बताया कि प्रश्न पाठ्यक्रम के अनुरूप थे और तैयारी के आधार पर पेपर हल करने में कोई विशेष कठिनाई नहीं आई।

#### प्रशासन की कड़ी निगरानी

परीक्षा केंद्रों में पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था और निगरानी के इंतजाम किए गए हैं। अधिकारियों द्वारा लगातार मॉनिटरिंग की जा रही है, ताकि परीक्षाएं निष्पक्ष और व्यवस्थित ढंग से संपन्न हों।

# बड़े भाई के नक्शेकदम पर चला छोटा, लक्ष्य देश की सेवा

- दर्री के हंसकमल का चयन सीआरपीएफ में

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

कड़ी मेहनत और 4 साल के लंबे प्रयास के बाद दर्री निवासी हंसकमल साहू (24 वर्ष) का चयन सीआरपीएफ में हुआ है। उसके चयन से गांव में खुशी और उत्साह है। समयराम साहू के पुत्र हंसकमल का बचपन से ही सेना में जाने का सपना था। हंसकमल के बड़े भाई पहले से ही सीमा सुरक्षा बल में त्रिपुरा में पदस्थ होकर देश की रक्षा कर रहे हैं। अब छोटा भाई भी उसी राह पर निकल पड़ा है। शनिवार को हंसकमल ट्रेनिंग के लिए बिलासपुर कैंप रवाना हुआ। इस मौके पर विदाई देने के लिए परिवार और मित्रगण पहुंचे थे। बस स्टैंड में नीलकमल साहू, नीता साहू, पदमनी साहू, हेमंत साहू और कुलदीप साहू सहित अन्य परिजनों ने हंसकमल को तिलक लगाकर और मिठाई खिलाकर उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर हंसकमल ने बताया कि इस मुकाम तक पहुंचने के लिए उन्होंने पिछले 4 वर्षों से लगातार शारीरिक और मानसिक तैयारी की थी। कई उतार-चढ़ाव आए, लेकिन लक्ष्य पर नजर बनी रही।



## 122 सदस्यीय महिला संगठन ने मांगा महिला सदन



**धमतरी।** आठ समूह के 122 सदस्य वाली महिला समूह ने महिला सदन भवन की मांग कलेक्टर से की है। शुक्रवार को मगरलोड ब्लाक के बिरझुली पंचायत के आश्रित ग्राम पेण्ड्रा कमारिनमुड़ा के नमन महिला ग्राम संगठन ने कलेक्टोरेट पहुंचकर कलेक्टर के नाम आवेदन सौंपा जिसमें कहा है कि मोहंदी कलस्टर अंतर्गत पेण्ड्रा कमारिनमुड़ा नमन महिला ग्राम संगठन में 8 समूह 122 सदस्य हैं। यह समूह पेण्ड्रा में महुआ, हर्रा, बेहड़ा, भुईलिम आदि वनस्पति की खरीदी तथा किराना दुकान का संचालन करता है। भवन के अभाव में वनस्पतियों का भंडारण करने एवं दुकान चलाने तथा समूह की बैठक करने में समस्या आ रही है। महिला सदन बनने से समूह की सभी समस्याओं का समाधान होगा। नमन महिला संगठन ने शीघ्र महिला सदन स्वीकृति देने की मांग की है। ज्ञापन सौंपने वालों में संगठन की अध्यक्ष गैंदी ध्रुव, रीमा ध्रुव, ईश्वरी साहू सहित ग्रामीण उपसथित थे।

#### तालाब, झरना का पानी पीने की मजबूरी

बिरझुली सरपंच पुष्पलता रामायण सिन्हा ने कलेक्टर को दिए आवेदन में कहा है कि ग्राम पेण्ड्रा में पेयजल की अत्यंत समस्या है। भूजल स्तर नीचे चले जाने से पेयजल के लिए ग्रामीणों को तालाब, झरना का पानी पीना पड़ रहा है। उन्होंने नवीन बोर खनन एवं पाइप लाइन विस्तार करने की मांग की है।











